## सरला मेमोरियल राजकीय महिला महाविद्यालय, सफीदों, जिला जींद, हरियाणा

Memo No. GCWS/2026/1270 Dated: 14/9/2026

### खुली सार्वजनिक नीलामी हेतु सूचना

सर्वसाधारण, कबाड़ी/स्क्रैप व्यापारी, स्क्रैप दुकानदार तथा अन्य इच्छुक व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय में पड़ी हुई **अनुपयोगी/रद्दी सामग्री** जैसे **पुराने समाचार पत्र, रद्दी कागज, गत्ता (Cardboard)** आदि की नीलामी **"जहाँ है, जैसी है" (AS IS WHERE IS)** के आधार पर **खुली सार्वजनिक बोली** द्वारा की जाएगी।

### खुली नीलामी का कार्यक्रम

| विवरण | जानकारी |
|---|---|
| नीलामी की तारीख | **22 सितंबर, 2026 (मंगलवार)** |
| समय | दोपहर 1:00 बजे |
| स्थान | कमरा नं. 7, सरला मेमोरियल राजकीय महिला महाविद्यालय, सफीदों |
| धरोहर राशि | Rs 3,000/- (रुपये तीन हजार मात्र) |
| बोली का आधार | स्क्रैप सामग्री की दर रुपये प्रति किलोग्राम (Rs/Kg) |

### नियम एवं शर्तें

1. नीलामी **खुली सार्वजनिक बोली** के माध्यम से इच्छुक बोलीदाताओं की उपस्थिति में आयोजित की जाएगी।
2. नीलामी में भाग लेने के इच्छुक प्रत्येक व्यक्ति/कबाड़ी/स्क्रैप दुकानदार को नीलामी शुरू होने से पहले **Rs 3,000/- (रुपये तीन हजार मात्र)** धरोहर राशि महाविद्यालय में जमा करवानी होगी।

3. केवल वही व्यक्ति खुली बोली में भाग ले सकेंगे जिन्होंने निर्धारित धरोहर राशि जमा करवाई होगी।
4. **बोली स्क्रैप सामग्री की न्यूनतम दर 14 रुपये प्रति किलोग्राम (Rs/Kg) के आधार पर लगाई जाएगी।** बोलीदाता द्वारा प्रति किलोग्राम दर खुले रूप से प्रस्तुत की जाएगी तथा अन्य बोलीदाताओं द्वारा उक्त दर को बढ़ाया जा सकेगा।
5. नीलामी के दौरान **प्रति किलोग्राम प्राप्त सर्वाधिक स्वीकार्य बोली** को उच्चतम बोली माना जाएगा। स्क्रैप सामग्री का अंतिम मूल्य वास्तविक वजन के आधार पर निर्धारित किया जाएगा।
6. स्क्रैप सामग्री का कुल देय मूल्य **वास्तविक वजन (किलोग्राम) x सफल बोलीदाता द्वारा दी गई स्वीकृत दर (Rs/Kg)** के आधार पर निर्धारित किया जाएगा।
7. **असफल बोलीदाताओं की Rs 3,000/- की धरोहर राशि नीलामी की कार्यवाही समाप्त होने के पश्चात मौके पर ही वापस कर दी जाएगी।**
8. **सफल बोलीदाता की Rs 3,000/- की धरोहर राशि कुल देय नीलामी राशि में समायोजित कर दी जाएगी।**
9. सफल बोलीदाता को शेष देय राशि महाविद्यालय/नीलामी समिति द्वारा निर्धारित समय के भीतर जमा करवानी होगी। **पूर्ण राशि प्राप्त होने के बाद ही स्क्रैप सामग्री उठाने की अनुमति दी जाएगी।**
10. नीलामी की जाने वाली सामग्री **"जहाँ है, जैसी है" (AS IS WHERE IS) के आधार पर** बेची जाएगी। इच्छुक बोलीदाता नीलामी में भाग लेने से पूर्व सामग्री का निरीक्षण कर सकते हैं।
11. स्क्रैप सामग्री का वजन महाविद्यालय द्वारा निर्धारित/स्वीकृत **वजन मशीन/कांटे पर किया जाएगा और वजन के आधार पर देय राशि निर्धारित की जाएगी।** वजन के संबंध में नीलामी समिति का निर्णय अंतिम होगा।
12. स्क्रैप सामग्री की **लोडिंग, मजदूरी, परिवहन तथा महाविद्यालय परिसर से सामग्री उठाने** से संबंधित सभी खर्च सफल बोलीदाता द्वारा स्वयं वहन किए जाएंगे।
13. महाविद्यालय को **सर्वाधिक बोली अथवा किसी भी बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने तथा नीलामी को पूर्णतः अथवा आंशिक रूप से रद्द/स्थगित करने** का अधिकार सुरक्षित रहेगा, जिसके लिए कोई कारण बताना आवश्यक नहीं होगा।
14. नीलामी के संचालन तथा बोली की स्वीकृति के संबंध में **नीलामी समिति/प्राचार्य का निर्णय अंतिम एवं सभी बोलीदाताओं के लिए बाध्यकारी होगा।**

15. उपर्युक्त नियम एवं शर्तों में वर्णित न किए गए किसी भी विषय पर **प्राचार्य/नीलामी समिति द्वारा लागू नियमों एवं निर्देशों के अनुसार निर्णय लिया जाएगा।**

अतः सर्वसाधारण, कबाड़ी/स्क्रैप व्यापारी, स्क्रैप दुकानदार एवं अन्य इच्छुक व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे निर्धारित **दिनांक, समय एवं स्थान पर आयोजित खुली सार्वजनिक नीलामी** में भाग लें।

**नीलामी समिति.** **प्राचार्य**

1 [signature] 14/9/26 (Vikas Lather)

2 Neelam (Ms. Neelam)

3 Neha (Ms. Neha)

4 Madhu (Ms. Madhu)

[signature]
Principal
S.M. Govt. Girls College
Safidon (Jind)